4. Method of recruitment, age limit, qualifications etc. :—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns 5 to 13 of the Schedule aforesaid.

5. Disqualification.—No person,—

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to any of the said posts :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the Personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. Power to relax.—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons or posts.

7. Saving.—Nothing in these rules shall affect reservations and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether selection post or non-selection post	Age limit for direct recruits	Educational and other qualifications required for direct recruitment
1	2	3	4	5	6	7
1. Skipper	6	General Central Service Group B, Non-Gazetted Non-Ministerial	Rs. 1100-50-1600	Selection	Not exceeding 35 years (relaxable for Government servants).	Essential : (i) Certificate of competency as Skipper for Fishing Vessels issued by the Mercantile Marine Department. (ii) Secondary School Leaving Certificate or equivalent or satisfactory completion of institutional training of Fishing Second Hand at Central Institute of Fisheries Operatives, Cochin/Madras. (iii) 5 years' practical experience of Fishing Vessels. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified).

Whether age and educational qualification prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation, if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/transfer & percentage of the vacancies to be filled by various methods	In case of recruitment by promotion/deputation or transfer, grades from which promotion/deputation/transfer to be made	If a DPC exists what is its composition	Circumstances in which UPSC is to be consulted in making recruitment
8	9	10	11	12	13
Age : No Educational Qualification : Yes (as at (i) in column 7.	2 years	By promotion failing which by direct recruitment	Promotion : Males grade II, scale Rs. 650-960 with 5 years' regular service in the grade; and Bosuns certified scale Rs. 550-750 with 8 years' regular service in the grade, being considered together.	Group B Departmental Promotion Committee consisting of— (1) Member, Union Public Service Commission. : Chairman (2) Joint Secretary, Incharge of Administration : Member (He shall also act as Chairman when Member Union Public Service Commission does not attend). (3) Technical Head of the Division in the Department of Agriculture or his nominee : Member (4) Head of the Integrated Fisheries Project, or his nominee: Member (5) Deputy Secretary, Incharge of Administration: Member (6) Under Secretary, Incharge of Establishment concerned : Secretary.	For direct recruitment as required under the Union Public Service Commission (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.

1	2	3	4	5	6	7
2. Chief Engineer	6	General Central Service Group B, Non-Gazetted, Non-Ministerial	Rs. 840-40-1000-EB-40-1200.	Selection	Not exceeding 35 years (relaxable for Government servants).	Essential : (i) Ministry of Transport Certificate of competency as 1st Class or 2nd Class Engineer (Motor). or Ministry of Transport Certificate as Engineer of Fishing Vessels. or Certificate of competency as (a) Engineer of Fishing Vessels, (b) Engine Driver of Fishing Vessels, or (c) Sea going Engine Driver issued by the Mercantile Marine Department.

1	2	3	4	5	6	7
						(ii) Secondary School Leaving Certificate or equivalent or satisfactory completion of Institutional training of engine Drivers' course at Central Institute of Fisheries Operatives, Cochin/Madras. (iii) 3 years' practical experience on fishing vessels. (Qualifications relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified).

8	9	10	11	12	13
2. Age : No Educational Qualifications: Yes (as-at (i) in column 7	2 years	50% by Promotion failing which, by direct recruitment and 50% by direct recruitment.	Promotion : Engine Driver Class I and Engine Driver Class II with 8 years and 10 years service in the respective grades after appointment thereto on a regular basis, being considered together.	Group B Departmental Promotion Committee consisting of :— (1) Member, Union Public Service Commission : Chairman (2) Joint Secretary, Incharge of Administration (He shall also act as Chairman when Member Union Public Service Commission does not attend): Member. (3) Technical Head of the Division in the Department of Agriculture or his nominee: Member. (4) Head of Integrated Fisheries Project, or his nominee : Member. (5) Deputy Secretary, Incharge of Administration: Member. (6) Under Secretary, Incharge of Establishment concerned : Secretary.	For direct recruitment as required under the Union Public Service Commissions (Exemption from Consultation) Regulations, 1958.

[No. 24-7/72-FY(B&A)]

NAGINDER SINGH, Under Secy.

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

नई दिल्ली, 20 जुलाई 1976

सा० का० नि० 1167.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रीय एटलस संगठन (वर्ग 3 और वर्ग 4 पदों पर भर्ती) नियम, 1960 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम राष्ट्रीय एटलस संगठन (वर्ग 3 और वर्ग 4 पदों पर भर्ती) द्वितीय संशोधन नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. राष्ट्रीय एटलस संगठन (वर्ग 3 और वर्ग 4 पदों पर भर्ती) नियम, 1960 की अनुसूची में, "पुस्तकालय अध्यक्ष", के पद से सम्बन्धित मद 8 और उससे सम्बन्धित प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित मद और प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :—

अनुसूची

पद का नाम	वर्गीकरण : राजपत्रित या अराजपत्रित और लिपिक-वर्गीय या अलिपिक वर्गीय	वेतनमान	पदों की संख्या	निम्नलिखित द्वारा भरे जाने वाले पदों का प्रतिशत			
				सीधी भर्ती	चयन	ज्येष्ठता एवं योग्यता	स्थानान्तरण
1	2	3	4	5	6	7	8
"8. पुस्तकालय अध्यक्ष	समूह 'ग' अराजपत्रित अलिपिकवर्गीय	380-12-440-द०रो०-15-560-द०रो० 20-640 रु०	2	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत	—	—

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए			केवल प्रोन्नति/स्थानान्तरण के लिए	
आयु सीमा	अपेक्षित शर्तें और अन्य अर्हताएं	परिवीक्षा की अवधि यदि कोई हो	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं	वे श्रेणियां/स्रोत जिनसे प्रोन्नति/स्थानान्तरण किया जाना है
9	10	11	12	13
25 वर्ष से अनधिक	आवश्यक : स्नातक और पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा धारक वांछनीय : पर्याप्त बड़े आकार के पुस्तकालय के कार्य में पूर्वतन अनुभव ।	दो वर्ष	नहीं	पुस्तकालय सहायक की' श्रेणी से प्रोन्नति ।'

[सं० 1-4/76-सर-2]

एन० ए० वेंकटेश्वरन, अवर सचिव

DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY

New Delhi, the 20th July, 1976

G.S.R. 1167.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the National Atlas Organisation (Recruitment to Class III and Class IV Posts) Rules, 1960, namely:—

1. (1) These rules may be called the National Atlas Organisation (Recruitment to Class III and Class IV Posts) Second Amendment Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the National Atlas Organisation (Recruitment to Class III and Class IV Posts) Rules, 1960, for item 8 relating to the post of "Librarian", and the entries thereto the following item and entries, shall be substituted namely:—

ANNEXURE

Name of post	Its classification : whether gazetted or non-gazetted and whether ministerial or non-ministerial	Scale of pay	No. of posts	Percentage of posts to be filled by			
				Direct recruitment.	Selection	Seniority *cum*-fitness	Transfer
1	2	3	4	5	6	7	8
"8. Librarian	Group 'C' Non-Gazetted, Non-ministerial	Rs. 380-12-440-EB-15-560-EB-20-640.	2	50%	50%	—	—

For direct recruitment only			For promotion/transfer only	
Age limit	Educational and other qualifications required	Period of probation, if any	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruitment will apply in case of appointment by promotion/transfer	Grades/Sources from which promotion/transfer are to be made
9	10	11	12	13
Not exceeding 25 years	Essential : Graduate and holder of diploma in Library Science. Desirable : Previous experience in the work of a fair sized library.	Two years	No	Promotion from the grade of Library Assistant."

[No. 1-4/76-Su-2]

N.A. VENKATESWARAN, Under Secy.

नौवहन एवं परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नयी दिल्ली, 6 जुलाई, 1976

सा०का०नि० 1168.—मोटर गाड़ी (राष्ट्रीय परमिट) नियम, 1975, जिसे केन्द्रीय सरकार मोटर गाड़ी अधिनियम, 1939 (1939 का 4) की धारा 63 की उप-धारा (15) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बनाने का विचार रखती है, में संशोधन करने के लिए कुछ नियमों का निम्नलिखित प्रारूप एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 133 की उप-धारा (1) द्वारा यथापेक्षित उन सभी व्यक्तियों की सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, जिनके उनसे प्रभावित होने की संभावना है और एतद्-द्वारा यह नोटिस भी दिया जाता है कि उक्त प्रारूप पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख के पैंतालीस दिनों के बीतने पर या उसके बाद विचार किया जाएगा।

केन्द्रीय सरकार उक्त अवधि की समाप्ति से पूर्व उक्त प्रारूप की बाबत किसी भी व्यक्ति से प्राप्त आक्षेप अथवा सुझाव पर विचार करेगी।

(1) इन नियमों का नाम मोटर गाड़ी (राष्ट्रीय परमिट) (संशोधन) नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में अपने प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2 मोटर गाड़ी (राष्ट्रीय परमिट) नियम, 1975 के नियम 6 में, निम्नलिखित स्पष्टीकरण में अंत:स्थापित किया जाए, अर्थात :—

"स्पष्टीकरण :—इस नियम में उल्लिखित यथास्थिति चार अथवा नौ वर्षों की अवधि की गणना मोटर गाड़ी के पंजीकरण की तारीख से की जाएगी।"

[फाइल सं० टी० जी० एस० (8)/76]

एन० ए० नारायणन, अवर सचिव ए०

MINISTRY OF SHIPPING AND TRANSPORT

(Transport Wing)

New Delhi, the 6th July, 1976

G.S.R. 1168.—The following draft of certain rules to amend the Motor Vehicles (National Permits) Rules, 1975 which the Central Government proposes to make in exercise of the powers conferred by sub-section (15) of section 63 of the Motor Vehicles Act, 1939 (4 of 1939) is hereby published as required by sub-section (1) of section 133 of the said Act, for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft will be taken into consideration on or after the expiry of forty-five days from the date of publication of this notification in the Official Gazette.

Any objection or suggestion, which may be received from any person with respect to the said draft before the expiry of the said period will be considered by the Central Government.

(1) These rules shall be called the Motor Vehicles (National Permits) (Amendment) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In rule 6 of the Motor Vehicles (National Permits) Rules, 1975, the following Explanation shall be inserted at the end, namely :—

"Explanation.—The period of four years or, as the case may be, nine years referred to in this rule shall be calculated from the date of registration of the motor vehicle."

[F. No. TGS (8)/76]

N. A. A. NARAYANAN, Under Secy.

नई दिल्ली, 19 जुलाई, 1976

सा० का० नि० 1169.—नव मंगलौर पत्तन (बन्दरगाह यान) नियम 1975 का प्रारूप, भारतीय पत्तन अधिनियम, 1908 (1908 का 15) की धारा 6 की उपधारा (2) की अपेक्षानुसार, भारत सरकार के नौवहन और परिवहन मंत्रालय (परिवहन पक्ष), की अधिसूचना संख्या सा० का० नि 2583 तारीख 26 सितम्बर, 1975 के अधीन, भारत के पत्र, भाग 2, खण्ड 3, उपखण्ड (1) तारीख 25 अक्तूबर, 1975 पृष्ठ 3025 से 3030 पर प्रकाशित किया गया था जिसमें उन सभी व्यक्तियों से राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से साठ दिन की अवधि की समाप्ति तक आक्षेप और सुझाव मांगे थे जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी;

और उक्त राजपत्र जनता को 10 नवम्बर, 1975 को उपलब्ध करा दिया गया था,

और जनता से कोई आक्षेप या सुझाव नहीं प्राप्त हुए हैं,

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात :—

6. संक्षिप्त नाम, प्रारम्भ और लागू होना—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम नव मंगलौर पत्तन (बन्दरगाह यान) नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये नव मंगलौर पत्तन को लागू होंगे।

2. परिभाषाएं—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) उपसंरक्षक से नव मंगलौर पत्तन का उप संरक्षक अभिप्रेत है,

(ख) 'प्ररूप' से इन नियमों से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है,

(ग) 'बन्दरगाह यान से ऐसा केटारमैन जो भाड़े पर चल रहा हो या कोई ऐसा फ्लैट या स्थोरा, यात्री या अन्य नौका अभिप्रेत है जो चाहे भाड़े पर चलती हो या नहीं, और चाहे शक्ति चालित हो या नहीं, और चाहे नियमित रूप से चलती हो या यदा-कदा, या भागतः पत्तन के भीतर और भागतः पत्तन से बाहर चलती हो,

(घ) 'आन्तरिक बन्दरगाह' से पत्तन का वह भाग अभिप्रेत है जो 348° 55'00" बियरिंग वाली आधार रेखा के पूर्व में स्थित है और उत्तरी बीरिंग मार्क से होकर गुजरती है और इसमें उतार बेसिन, पूर्वी डाक, तेल जेट्टी और भविष्य में बनने वाली बर्थ और समय-समय पर निकर्षित और विकसित किए जाने वाले डाक भी सम्मिलित है,

(ङ) 'अनुज्ञप्त बंदरगाह' से इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान अभिप्रेत है,

(च) 'मोटर नौका' से ऐसा शक्ति चालित बन्दरगाह यान अभिप्रेत है जो वाष्प से भिन्न किसी प्रकार की वैद्युत या यांत्रिक शक्ति से पूर्णतः या भागतः नोदित होता हो,

(छ) 'बाहरी बन्दरगाह' से प्रवेश जल-सरणी का वह भाग अभिप्रेत है जो अपर परिभाषित आधार रेखा के पश्चिम में पड़ता है और 12° 55' 06.2" उत्तरी अक्षांश और 74° 4'6 17.6" पूर्वी देशान्तर पर स्थित वाष्प जल पथ बोया तक विस्तारित है,

(ज) किसी बन्दरगाह यान के संबंध में प्रयुक्त 'स्वामी' के अन्तर्गत कोई मालिक स्वामी, अभिकर्ता या उस पर कब्जा रखने वाला अध्यकदार आता है,

(झ) 'पत्तन' से नव मंगलोर पत्तन अभिप्रेत है,

(ञ) 'सड़क' से पत्तन का वह भाग अभिप्रेत है जो 12° 55' 06.2" उत्तरी अक्षांश और 74' 4.6' 17.6" पूर्वी देशान्तर पर स्थित नाव्य जलपथ बोया से समुद्र की ओर स्थित है,

(ट) स्वामी के संबंध में प्रयुक्त 'सेवक' के अन्तर्गत टिंडल या कोई नाविक भी आता है,

(ठ) 'वाष्प नौका से बंदरगाह यान भागतः वाष्प के द्वारा नोदित कोई बन्दरगाह यान अभिप्रेत है,

(ड) 'टिन्डल' के अन्तर्गत बन्दरगाह यान का भारसाधक कोई व्यक्ति भी आता है।

3. बन्दरगाह यान का अनुज्ञप्त किया जाना :—कोई भी व्यक्ति, चाहे स्वामी के रूप में, टिन्डल के रूप में या सेवक के रूप में पत्तन पर किसी जलयान से या उस तक या पत्तन के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान तक माल या यात्री ले जाने के लिए किसी बन्दरगाह यान का उपयोग तब तक नहीं करेगा जब तक इन नियमों के अधीन बन्दरगाह यान को सम्यकतः अनुज्ञप्त न किया गया हो और पोत तथा तट के बीच चलने के लिए अनुज्ञप्त कोई बन्दरगाह यान पत्तन के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान तक बिना किसी पृथक अनुज्ञप्ति के चल सकेगा :

परन्तु इस नियम की कोई भी बात निम्नलिखित को लागू नहीं होगी :—

(क) ऐसी नौका जो किसी पोत या स्टीमर के उपस्कर का भाग है,

(ख) एक मात्र रूप से ग्रामोद प्रमोद के प्रयोजनों के लिए रखा गया कोई बन्दरगाह यान,

(ग) पत्तन की कोई अन्य नौका,

परन्तु यह और कि उप संरक्षक, यदि वह ठीक समझे, खण्ड (क) या खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किसी नौका या बन्दरगाह यान की बाबत यह अपेक्षा कर सकेगा कि उसे इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त किया जाए ।

4. बन्दरगाह यान का अनुज्ञापन :—(1) नियम 3 के अधीन किसी बन्दरगाह यान के अनुज्ञापन के लिए प्रत्येक आवेदन लिखित रूप में उप-संरक्षक को किया जाएगा और उसमें निम्नलिखित विशिष्टियां होंगी, अर्थात् :—

(क) स्वामी का नाम और पूरा पता और यदि स्वामी अवयस्क है, तो उसमें उसके संरक्षक का नाम और पता अन्तर्विष्ट होगा,

(ख) अभिकर्ता, यदि कोई हो, का नाम और पता जिसे स्वामी द्वारा अपनी ओर से कार्य करने हेतु सम्यकतः प्राधिकृत किया गया हो,

(ग) उस टिण्डल का नाम जिसे स्वामी बन्दरगाह यान के भारसाधक के रूप में रखने का प्रस्ताव करता है,

(घ) अपेक्षित अनुज्ञप्ति की प्रकृति अर्थात, क्या इसकी अपेक्षा किसी यात्री नौका या थोरा नौका या किसी अन्य प्रयोजन के लिए की गई है, और

(ङ) बन्दरगाह यान के परिमाप, सकल टन भार और अन्य सुसंगत विशिष्टियों की बाबत ब्यौरे।

(2) उपनियम (1) के अधीन अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन के प्राप्त होने पर, उप संरक्षक, स्वामी या इस प्रयोजन के लिए स्वामी द्वारा सम्यकतः नियुक्त किसी व्यक्ति की उपस्थिति में बन्दरगाह यान का सर्वेक्षण करेगा और माप लेगा या उसका सर्वेक्षण करवाएगा या माप करवाएगा और नियम 28 में विनिर्दिष्ट फीस के संदाय पर तथा यह समाधान हो जाने पर कि बन्दरगाह यान समुद्र में चलने योग्य है और पत्तन को सेवा के लिए ठीक है या ऐसे अधिकारी द्वारा जिसने बन्दरगाह यान का सर्वेक्षण किया है, लिखित रूप में निम्नलिखित प्रमाणित करते हुए एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर :—

(क) कि ऐसा बन्दरगाह यान समुद्र में चलने योग्य है, सुसज्जित है और उस प्रयोजन के अनुकूल है जिसके लिए अनुज्ञप्ति की अपेक्षा की गई,

(ख) यात्रियों की संख्या जिसे ऐसा बन्दरगाह यान सभी दशाओं में ले जाने के लिए समर्थ हो,

(ग) ऐसे बन्दरगाह यान के सुरक्षित नौ परिवहन के लिए अपेक्षित करमी दल की संख्या,

(घ) कि ऐसे बन्दरगाह यान का उपस्कर अच्छी हालत और ठीक दशा में है,

(3) उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट सर्वेक्षण और माप के प्रयोजन के लिए, स्वामी बन्दरगाह यान को ऐसे स्थान पर मंगाएगा जो उप-संरक्षक नियत करें।

(4) इन नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए, प्रारूप (क) में सभी अनुज्ञप्तियां 31 मार्च को समाप्त होने वाली वित्तीय वर्ष के लिए जारी की जाएंगी।

5. अवयस्क या स्त्री स्वामी :—(1) यदि किसी बन्दरगाह यान का स्वामी अवयस्क है तो अनुज्ञप्ति अवयस्क के संरक्षक द्वारा अभिप्राप्त की जा सकेगी।

(2) यदि स्वामी कोई ऐसी स्त्री है जो देश की रूढ़ियों के अनुसार सर्वसाधारण के सामने नहीं आती है, तो अनुज्ञप्ति उसकी ओर से उसके द्वारा सम्यकतः प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा अभिप्राप्त की जा सकेगी।

टिप्पण : ऐसे मामलों में, यथास्थिति, संरक्षक या अभिकर्ता को इन नियमों के प्रयोजनों के लिए स्वामी समझा जाएगा।

6. मांग किए जाने पर, अनुज्ञप्ति, नियमों आदि का प्रस्तुत किया जाना :—

(1) प्रत्येक बन्दरगाह यान की अनुज्ञप्ति टिन्डल के पास रखी जाएगी जो उप संरक्षक द्वारा या इस निमित्त उप संरक्षक द्वारा सम्यकतः प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा मांग किए जाने पर अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करेगा।

(2) इन नियमों की एक प्रति और उप संरक्षक द्वारा कार्यान्वयन की बाबत जारी किए गए किन्हीं लिखित निदेशों की एक प्रति भी स्वामी द्वारा टिन्डल को दी जाएगी जो मांग किए जाने पर, उन्हें किसी भाड़ेदार या ऐसे बन्दरगाह यान के परेषक या यात्री को लिखा दिखाएगा।

(3) स्वामी यह सुनिश्चित करने के लिए कि टिन्डल इन नियमों के उपबंधों और निदेशों को समझता है और उससे उस आशय की घोषणा लेने और जब उससे उप संरक्षक द्वारा अपेक्षा की जाए तब उसे प्रस्तुत करने के लिए, उत्तरदायी होगा।

7. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यानों का सुभिन्न संख्यांकन—(1) अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का स्वामी, काली पृष्ठ भूमि पर सफेद रंग में और हल्की पृष्ठ भूमि पर काले रंग में, अंग्रेजी और हिन्दी के अंकों में जो लम्बाई में 6" से कम न होंगे ऐसे बन्दरगाह यान पर एक ओर सहजदृश्य भाग पर और दूसरी ओर के चौथाई भाग पर अनुज्ञप्ति में वर्णित बन्दरगाह यान की संख्या रंग लेपित करेगा या करवाएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति, किसी ऐसे बन्दरगाह यान पर जो नियम 4 के अधीन सम्यकतः अनुज्ञप्त नहीं है, उपरोक्त रूप में ऐसी कोई संख्या या अन्य चिह्न रंग लेपित नहीं करेगा या करवाएगा जिससे यह विश्वास उत्प्रेरित होने की संभावना हो कि ऐसा बन्दरगाह यान उस रूप में अनुज्ञप्त है।

8. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के स्वामित्व या नियंत्रण म परिवर्तन :—

जब कोई अनुज्ञप्ति का धारक, बन्दरगाह यान के स्वामित्व को किसी अन्य व्यक्ति को अंतरित करता है, तो ऐसे अन्तरण की तारीख से 6 दिन की समाप्ति पर, अनुज्ञप्ति विधिमान्य नहीं रह जाएगी और जहां ऐसा धारक बन्दरगाह यान को किसी अन्य व्यक्ति के पास बन्धक रखता है या उसके नियंत्रण में रखता है, वहां अनुज्ञप्ति ऐसे बन्धक या रखे जाने की तारीख 6 दिन की समाप्ति पर तब तक विधिमान्य नहीं रह जाएगी जब तक कि उप संरक्षक द्वारा अनुज्ञप्ति पर इस आशय का पृष्ठांकन नहीं कर दिया जाता है कि ऐसे अन्तरण या रखे जाने के बावजूद भी अनुज्ञप्ति विधिमान्य बनी रहेगी।

9. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के कर्मी दल या उसकी वहन क्षमता में परिवर्तन की बाबत रिपोर्ट की जाएगी :—(1) जब कभी किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में कोई ऐसा परिवर्तन किया जाता है जिससे कि कोई दी गई अनुज्ञप्ति में अंतर्विष्ट कोई विशिष्टि प्रभावित होती है, तो उसके स्वामी द्वारा ऐसे परिवर्तन की रिपोर्ट उप-संरक्षक को तुरन्त देनी होगी :

परन्तु यदि ऐसा परिवर्तन उस समय होता है कि बन्दरगाह यान पत्तन से दूर है, तो इसकी रिपोर्ट बन्दरगाह यान के पत्तन पर लौटने पर तुरन्त दी जाएगी।

(2) टिन्डल, या बन्दरगाह यान में अन्य किसी परिवर्तन की दशा में, जिससे उसकी वहन क्षमता प्रभावित नहीं होती है, बन्दरगाह यान तब तक नहीं चलाया जाएगा जब तक ऐसी रिपोर्ट नहीं की जाती है और टिन्डल के परिवर्तन की दशा में जब तक उसको भी उप संरक्षक के समक्ष पेश नहीं किया जाता है।

(3) यथास्थिति, ऐसी रिपोर्ट देने पर या ऐसे रिपोर्ट देने पर और पेश किए जाने पर, उप संरक्षक स्वामी द्वारा धारित मूल अनुज्ञप्ति में संशोधन कर देगा और टिन्डल के परिवर्तन की दशा में नियम 10 के अधीन रखे गए रजिस्टर में भी संशोधन किया जाएगा।

(4) बन्दरगाह यान में परिवर्तन की दशा में जिससे उसकी वहन क्षमता प्रभावित होती हो, स्वामी द्वारा धारित मूल अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी और बन्दरगाह यान के पुनः परिमाप करने के पश्चात् उप-संरक्षक द्वारा नई अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी और जब तक नई अनुज्ञप्ति जारी नहीं की जाए तब तक इसे चलाया नहीं जाएगा।

10. टिन्डल का रजिस्ट्रीकरण :—(1) नियम 4 के अधीन किसी बन्दरगाह यान को अनुज्ञप्त करते समय उसकी टिन्डल का नाम जो अनुज्ञप्ति में प्रविष्ट है और उससे संबन्धित अन्य विशिष्टियां एक ऐसे रजिस्टर में प्रविष्ट की जाएंगी जिसे उपसंरक्षक द्वारा प्ररूप (ख) में रखा जाएगा।

(2) प्रत्येक वर्ष मार्च मास में ऐसी तारीख को जो उपसंरक्षक द्वारा नियत की जाए, प्रत्येक बन्दरगाह यान का स्वामी रजिस्टर की प्रविष्टियों को सत्यापित करने के लिए, बन्दरगाह यान के टिन्डल को उप-संरक्षक के समक्ष पेश करेगा :

परन्तु यदि ऐसा बन्दरगाह यान इस प्रकार नियत तारीख पर पत्तन से दूर हो, तो स्वामी उसके वापस आने के पश्चात् 24 घन्टों के भीतर टिन्डल को पेश करेगा।

(3) किसी व्यक्ति को अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के टिन्डल के रूप में नियोजित या रजिस्ट्रीकृत उस दशा में नहीं किया जाएगा जब कि वह—

(क) नियम 29 के अनुसार ऐसे बन्दरगाह यान के मास्टर या इंजीनियर के रूप में अर्हित होने के लिए प्रमाणीकृत अधिकारी नहीं है,

(ख) उपसंरक्षक की राय में ऐसे बन्दरगाह यान के उपयोग से अनभ्यस्त है या अन्यथा अकुशल है।

11. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान और उसके कर्मीदल का वार्षिक और विशेष निरीक्षण आदि :—(1) अनुज्ञप्ति की समाप्ति पर या उसके पूर्व, प्रत्येक अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का स्वामी, अनुज्ञप्ति सहित उसे निरीक्षण के लिए ऐसे स्थान पर उप-संरक्षक को पेश करेगा जिसे यह इस प्रयोजन के लिए नियत करे।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट निरीक्षण के अतिरिक्त, उप-संरक्षक द्वारा ऐसे समयों पर जिन्हें उप संरक्षक आवश्यक समझे, विशेष या आंशिक निरीक्षण किए जा सकेंगे।

(3) इस नियम के अधीन, सभी निरीक्षणों के समय प्रत्येक बन्दरगाह यान अपने कर्मी दल और उपस्कर के समस्त पूरकों से मुक्त होगा।

निरीक्षण के लिए अदिष्ट अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान की मरम्मत :—

(1) प्रत्येक अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का स्वामी उसकी ऐसी मरम्मतें करेगा जैसी उसे दक्ष बनाने के लिए उप-संरक्षक निदेश दे और कोई भी स्वामी या उसकी ओर से कोई व्यक्ति ऐसे बन्दरगाह यान का उपयोग तब तक नहीं करेगा, करवाएगा या करने देगा जब तक ऐसी मरम्मतें सम्यकतः नहीं कर दी जाती हैं और उपसंरक्षक उसके उपयोग की अनुज्ञा नहीं दे देता है।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट मरम्मतों के प्रयोजन के लिए, स्वामी बन्दरगाह यान को केवल ऐसे स्थान या स्थानों पर तट की ओर कृषित करवाएगा जिसकी या जिनकी बाबत उपसंरक्षक समय समय पर निदेश दे।

(3) किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के बायलर, मशीनरी या पोत खोल की बड़ी मरम्मतें उप-संरक्षक द्वारा नियुक्त किसी इंजीनियर और पोत सर्वेक्षक के अधिक्षण में की जाएंगी और ऐसे यान का मास्टर या स्वामी मरम्मतों के प्रारम्भ होने से पूर्व उपसंरक्षक को ऐसी राशि का संदाय करेगा जो ऐसे इंजीनियर और पोत सर्वेक्षक की फीस तथा अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हो।

स्पष्टीकरण :—इस उपनियम के प्रयोजनों के लिए, उपसंरक्षक यह विनिश्चित करेगा कि क्या किसी कार्य विशेष को छोटी मरम्मत माना जाएगा या नहीं।

(4) उपनियम (3) में निर्दिष्ट फीस निम्नलिखित मापमान पर संगणित की जाएगी, अर्थात् :—

फीसों का मापमान	रु०
(1) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 10 टन से अधिक नहीं है	90
(2) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 10 टन से अधिक है किन्तु 25 टन से अधिक नहीं है	115
(3) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 25 टन से अधिक है किन्तु 50 टन से अधिक नहीं है	145
(4) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 50 टन से अधिक है किन्तु 75 टन से अधिक नहीं है	175
(5) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 75 टन से अधिक है किन्तु 100 टन से अधिक नहीं है	205
(6) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 100 टन से अधिक है किन्तु 300 टन से अधिक नहीं है	230
(7) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 300 टन से अधिक है किन्तु 600 टन से अधिक नहीं है	290
(8) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 600 टन से अधिक है किन्तु 900 टन से अधिक नहीं है	350
(9) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 900 टन से अधिक है किन्तु 1200टन से अधिक नहीं है	405
(10) ऐसे प्रत्येक जलयान के लिए जिसका सकल टन भार 1200 टन से अधिक	405 तथा 1200 टन से अधिक, प्रत्येक 300 टन या उसके भाग के लिए 60 रु०
(11) अन्तरिम सर्वेक्षण के लिए	25 रु० प्रति निरीक्षण

(ख) उप नियम (3) में निर्दिष्ट खर्चे, इस निमित्त केन्द्रीय सरकार के साधारण या विशेष अनुदेशों के अनुसार अवधारित किए जाएंगे।

13. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के कार्यकरण पर नियंत्रण :— (1) स्वामी प्रत्येक अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के लिए ऐसे कर्मीदल और उपस्कर की व्यवस्था करेंगे जो उप संरक्षक द्वारा अवधारित किए जाएं और उन्हें अनुज्ञप्ति में प्रविष्ट किया जाएगा।

(2) अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का टिन्डल अच्छे या प्रक्षुब्ध मौसम में चलने वाले बन्दरगाह यान के अनुसार उसकी अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट संख्या से अधिक या कम व्यक्तियों को फलक पर नहीं रखेगा और बन्दरगाह यान की अनुज्ञप्ति में प्रविष्टि संख्या या मात्रा से अधिक यात्री या माल का वहन नहीं करेगा।

(3) पत्तन के भीतर चलने वाला प्रत्येक अनुज्ञप्त बन्दरगाह, यान इतनी संख्या में जीवन रक्षक बोया ले जाएगा जो उप-संरक्षक द्वारा युक्तियुक्त समझे जाएं और वे ऐसे टाइप के होंगे जिनका वह अनुमोदन करे और इसके अतिरिक्त प्रत्येक ऐसा बन्दरगाह यान ऐसे तरणशील साधित्र अपने साथ ले जाएगा जो उप संरक्षक द्वारा आवश्यक समझे जाए।

(4) बन्दरगाह यान में वहन किए जाने वाले सभी बोया और तरणशील साधित्र उप-संरक्षक के समाधानप्रद रूप में रखे जाएंगे जिससे फलक पर व्यक्ति उन तक आसानी से पहुंच सके।

(5) यात्रियों के वहन के लिए अनुज्ञप्त प्रत्येक बन्दरगाह यान को इस प्रकार से फिट किया जाएगा कि प्रत्येक यात्री के लिए पर्याप्त बैठने का स्थान उपलब्ध हो जाए और जहां आवश्यक हो, वहां सायबानों और पार्श्व मौसम रक्षक पर्दों की भी व्यवस्था की जाएगी जिससे यात्रियों को क्रमशः धूप और मौसम से संरक्षा की जा सके।

(6) पत्तन के भीतर चलने वाले और यात्री ले जाने वाले किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में अपेक्षित कर्मीदल की संख्या नियत करने में उप-संरक्षक अपने विवेक से काम लेगा।

(7) जहां किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह का स्वामी यात्रियों की पूरी संख्या नहीं ले जाना चाहता है या विहित जीवन रक्षक साधित्रों को ले जाने के लिए तैयार नहीं है या ले जाना उसके लिए असाध्य प्रतीत होता है वहां उप संरक्षक तदनुकल यात्रियों की संख्या सीमित कर सकेगा और इस आशय का पृष्ठांकन अनुज्ञप्ति पर कर सकेगा।

14. पत्तन यातायात में बाधा पहुंचाना :—(1) किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में सेवा करने वाला कोई टिन्डल या कर्मीदल का कोई सदस्य, किसी अन्य बन्दरगाह यान के लदान-उतराई या सर्विस में बाधा या रुकावट नहीं पहुंचाएगा या पत्तन में काम करने वाले किसी जलयान में बाधा या रुकावट नहीं पहुंचाएगा।

(2) कोई भी टिन्डल अपने भारसाधानाधीन किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान को पत्तन या घाटों या जैट्टियों के प्रवेश मार्गों में निर्विवाद रूप से नौ-परिवहन करने में बाधा नहीं पहुंचाने देगा।

15. वाणिज्य पोत परिवहन (समुद्र में टक्करों का निवारण) विनियम, 1975 के अधीन समुद्र वेधशाला पर टक्कर के निवारण से सम्बन्धित उपबन्धों का अनुपालन :—

सभी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान, जब वे मार्ग में हो, वाणिज्य पोत परिवहन, (समुद्र में टक्करों का निवारण) विनियम, 1975 के उपबन्धों का अनुपालन करेंगे।

16. विधिपूर्ण कारण के बिना चलने से इन्कार किया जाना :— यदि भाड़े पर नियमित रूप से चलने वाले अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का स्वामी या भारसाधक टिन्डल, जब उससे ऐसा करना अपेक्षित किया जाये, युक्तियुक्त कारण के बिना जिसकी बाबत उप संरक्षक नियम 27 में उपबन्धित अपील के अधीन रहते हुए, एक मात्र रूप में विनिश्चायक प्राधिकारी होगा, भाड़े पर चलने के लिये इन्कार करता है, तो ऐसे बन्दरगाह यान की अनुज्ञप्ति प्रतिसंहरित की जायेगी।

17. रात्रि के समय और खराब मौसम में अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का कार्य :—

(1) कोई भी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान—

(i) उप-संरक्षक की पूर्वतन अनुज्ञा के बिना 6 बजे सायंकाल और 6 बजे प्रातःकाल के घण्टों के बीच बाह्य मार्गों पर नहीं चलेगा।

(ii) बाह्य मार्गों में उस दशा में नहीं चलेगा जब कि पत्तन ध्वजदण्ड से खुले समुद्र में खराब मौसम उपवर्णित करते हुए एक सूफान चेतावनी संकेत प्रदर्शित किया जा रहा हो।

(2) जब उप नियम (1) के खण्ड (ii) में निर्दिष्ट संकेत पत्तन ध्वज दण्ड पर फहराया जाता है, तो बाह्य मार्गों पर चलने वाले सभी

बन्दरगाह यान तुरन्त आन्तरिक बन्दरगाह को वापस आ जायेंगे और उस संरक्षक की विशेष अनुज्ञा के बिना तब तक बाह्य मार्गों की ओर नहीं जायेंगे जब तक कि संकेत नीचे की ओर कर्षित नहीं किया जाता है ।

18. अच्छे और प्रक्षुब्ध मौसम में अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में अनुज्ञेय लदान :--

(1) कोई भी व्यक्ति किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में यात्रियों या पणुओं या अन्य स्थोरा का लदान उसकी अनुज्ञप्ति के निबन्धनों के उल्लंघन नहीं करेगा ।

(2) किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का टिन्डल उसमें तब तक किसी पणु का लदान नहीं करने देगा जब तक कि बन्दरगाह यान में बालू की बैलास्ट या चपटा फर्श बनाने के लिये पर्याप्त तृणों की व्यवस्था न की जाये और जब तक कि ऐसी अन्य अपेक्षाओं का अनुपालन न किया गया हो जो उप-संरक्षक द्वारा बन्दरगाह यानों की बाबत अधिरोपित की जाये ।

(3) जहां किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में पशुओं का वहन किया जाता है, वहां कोई अन्य स्थोरा या यात्री उसमें नहीं ले जाया जायेगा ।

(4) यान्त्रिकीय या विद्युत शक्ति द्वारा नियोजित किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में यात्रियों तथा पणुओं से भिन्न स्थोरा को साथ-साथ ले जाया जायेगा ।

19. अतिभार रोकने के लिये टिन्डल की शक्ति :--

जब कभी किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में यात्रियों की संख्या या स्थोरा की मात्रा, अनुज्ञप्ति में प्रविष्ट की गयी संख्या या मात्रा से अधिक हो जाती है, तब टिन्डल जलयान या तट से चलने से पूर्व किसी यात्री से बन्दरगाह छोड़ने या किसी परेषक, परेषिती या सम्बद्ध पोत परिवहन या अवतरण अभिकर्ता से बन्दरगाह यान से सम्पूर्ण स्थोरा या उसका कोई भाग हटाने की अपेक्षा करेगा ।

20 टिन्डल द्वारा कतिपय संकेतों की ओर ध्यान दिया जाना:--

(1) नियम II के अधीन जब उप-संरक्षक द्वारा निरीक्षण करने की वांछा की जाती है, तब प्रत्येक अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का स्वामी, ऐसे बन्दरगाह यान के टिन्डल को यह निदेश देगा कि वह बन्दरगाह यान के मास्टर, ध्वज, वर्गाकार नीले ध्वज जिस पर चार क्रास समानान्तर लाल रेखाएं हैं, और जिसे पत्तन ध्वज दण्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा की ओर तुरन्त ध्यान दे ।

21. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान लंगर डालने से पूर्व लंगर डालने वाले या प्रवेश करने वाले जलयानों में बाधा नहीं डालेगा :--

किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का भारसाधक या नौपरिवहन करने वाला कोई भी व्यक्ति, नौबन्दस्थल या लक्षक बोया से ऐसे बन्दरगाह यान को कस कर बांधने का प्रयास नहीं करेगा या ऐसे जलयान को लंगर डालने या बोया पर बांधने से पूर्व, किसी लंगर स्थान या बन्दस्थल को जाने वाले जलयान के पार्श्व में उसे नहीं ले जायेगा ।

22. मत्स्यन नौकाओं को किसी स्थोरा नौका के निकट या जलयान के पार्श्व में नहीं जाने दिया जायेगा :--

(1) किसी अनुज्ञप्त स्थोरा नौका का भारसाधक या नौपरिवहन करने वाला कोई भी व्यक्ति, किसी मत्स्यन नौका को उससे दस मीटर की दूरी के भीतर उस दशा में नहीं जाने देगा जब कि ऐसी स्थोरा नौका किसी जलयान या तट के बीच चल रही हो ।

(2) किसी मत्स्यन नौका भारसाधक या परिवहन करने वाला व्यक्ति, उस दशा में उसे किसी जलयान के पार्श्व में नहीं ले जायेगा जब कि किसी स्थोरा की उतराई या पोत परिवहन हो रहा हो ।

(3) यदि उप-संरक्षक द्वारा यह पाया जाता है कि किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान में उपनियम (1) या (2) के उप-बन्धों का उल्लंघन किया है, तो,

(क) उप-संरक्षक बन्दरगाह यान के संबंध में जारी की गयी अनुज्ञप्ति रद्द कर सकेगा ।

(ख) यह निदेश कर सकेगा कि दोषी टिन्डल को किसी अनुज्ञप्ति बन्दरगाह यान में किसी हैसियत में नियोजित नहीं किया जायेगा और टिन्डल रजिस्टर से उसका नाम हटा दिया जायेगा ।

(4) यदि उप-नियम (3) के खण्ड (ख) के अधीन उप-संरक्षक द्वारा दिये गये निदेशों के विरुद्ध कोई स्वामी ऐसे टिंडल को नियोजित करता है, तो उप-संरक्षक उक्त स्वामी द्वारा धारित सभी या किसी अनुज्ञप्ति को रद्द कर सकेगा ।

23. यात्रियों तथा माल की उतराई और पोत परिवहन पत्तन के भीतर किया जायेगा :--

सभी यात्रियों और माल की पत्तन की सीमाओं के भीतर ऐसे स्थानों पर उतराई या पोत परिवहन किया जायेगा जिन्हें संरक्षक नियत करे और कोई भी व्यक्ति, ऐसे स्थानों के बाहर तब तक यात्रियों या माल की उतराई या पोत परिवहन नहीं करेगा जब तक कि पत्तन और पत्तन पर तैनात सीमा शुल्क अधिकारियों की पूर्वतन मंजूरी नहीं ली गयी हो ।

24. बन्दरगाह यान की भाड़े की दरें :--यात्रियों को ले जाने के लिये किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का स्वामी, टिन्डल या कर्मीदल का कोई सदस्य और ऐसे बन्दरगाह यान के स्वामी द्वारा प्रतिनियुक्त कोई व्यक्ति, किसी यात्री से भाड़े के उन प्रभारों से अधिक की मांग नहीं करेगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा मंजूर किया गया हो और ऐसे बन्दरगाह यान का स्वामी, टिन्डल या कर्मीदल का सदस्य, किसी जलयान और तट के बीच या एक स्थान से दूसरे स्थान तक, चाहे वह पत्तन के भीतर हो या बाहर, यात्रा के दौरान कोई उपदान या उपहार नहीं मांगेगा या स्वीकार नहीं करेगा ।

25. दोष-सिद्ध टिन्डल आदि के नियोजन पर प्रतिषेध --यदि किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का टिन्डल या कर्मीदल का कोई सदस्य, इन नियमों के किसी उपबन्ध के भंग के लिये दोषसिद्ध ठहराया जाता है, तो उप-संरक्षक द्वारा ऐसे किये जाने की अपेक्षा करने पर, बन्दरगाह यान का स्वामी ऐसे टिन्डल या कर्मीदल के सदस्य को अपने नियोजन से पदच्युत करेगा ।

26. अनुज्ञप्तियों का प्रतिसंहरण--यदि उप-संरक्षक की राय में किसी अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान के स्वामी ने इन नियमों के किन्हीं उप-बन्धों का उल्लंघन किया है, तो वह, किसी अन्य कार्रवाई जो उस उल्लंघन की बाबत ऐसे स्वामी के विरुद्ध की जा सकेगी, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, स्वामी द्वारा धारित सभी या किन्हीं अनुज्ञप्तियों को रद्द कर सकेगा ।

27 उप-संरक्षक के विनिश्चय के विरुद्ध अपील--(1) इन नियमों के अधीन उप-संरक्षक के किसी विनिश्चय के विरुद्ध अपील पत्तन के संरक्षक के समक्ष की जायेगी जो उसे विनिश्चित करेगा ।

(2) ऐसी अपील, उस तारीख से जिसको उप-संरक्षक के विनिश्चय जिसके विरुद्ध अपील की गई है, की लिखित सूचना संबद्ध पक्षकार या पक्षकारों को दी गई है, से सात दिन के भीतर लिखित रूप में की जायेगी ।

28 फीस--बन्दरगाह यानों के सर्वेक्षण, अनुज्ञापन, निरीक्षण के लिये निम्नलिखित फीसें उद्गृहीत की जायेंगी :--

की गई सेवा	केनील और केनील और केटा-मारेन चालित यान से भिन्न नौका	शूश्रोनीज	शूधोनीज	शक्ति
	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०
1. अनुज्ञप्ति का जारी किया जाना	6.00	2.00	2.00	50.00
2. अन्य व्यक्ति के हक में अनुज्ञप्ति का संशोधन या अनुज्ञप्ति का अन्तरण	2.00	2.00	2.00	2.00
3. उस दशा में अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति देना जब कि मूल प्रति खो गई हो, अज्ञात स्थान पर रख दी गई हो या सुवाच्य न रह गई हो	2.00	2.00	2.00	2.00
4. टिन्डल का रजिस्ट्रीकरण	2.00	2.00	2.00	2.00
5. टिन्डल के रजिस्ट्रीकरण का संशोधन	2.00	2.00	2.00	2.00
6. प्रत्येक सर्वेक्षण और माप के लिये	10.00	4.00	4.00	95.00
7. वार्षिक निरीक्षण	6.00	2.00	2.00	50.00
8. विशेष निरीक्षण	5.00	2.00	2.00	50.00

29. इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त वाष्प नौकाओं और मोटर नौकाओं को लागू होने वाले विशेष उपबन्ध—(1) इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त प्रत्येक वाष्प नौका के फलक पर, जब कि वह भाड़े पर या अन्यथा चल रही हो, निम्नलिखित प्रमाणीकृत अधिकारी होंगे :—

(1) यदि उसके इंजन 100 एन०एच०पी० से अन्यून हों, तो—

(क) उसका मास्टर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया प्रथम श्रेणी मास्टर का प्रमाणपत्र या वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) के अधीन या ऐसे विनियमों के अधीन, जिन्हें केन्द्रीय सरकार इस निमित्त, समय-समय पर विनिर्दिष्ट करे, दिया गया मेट प्रवीणता प्रमाणपत्र हो, और

(ख) उसका इंजीनियर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास उपर्युक्त अधिनियमों या विनियमों के अधीन दिया गया इंजीनियर प्रमाणपत्र हो।

(2) यदि उसके इंजन 100 एन०एच०पी० से कम किन्तु 40 एन०एच०पी० से अन्यून के हों, तो—

(क) उसका मास्टर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया द्वितीय श्रेणी मास्टर का प्रमाणपत्र या ऐसा कोई अन्य प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (i) के उप-खण्ड (क) में निर्दिष्ट किया गया है, और

(ख) उसका इंजीनियर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया प्रथम श्रेणी इंजन चालक का प्रमाणपत्र या वाणिज्य पोत परिवहन विनियम, 1958 (1958 का 44) के अधीन या ऐसे विनियमों के अधीन जिन्हें केन्द्रीय सरकार समय-समय पर इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, दिया गया इंजन चालक का प्रमाणपत्र या ऐसा प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (i) के उपखण्ड (ख) में निर्दिष्ट किया गया है।

परन्तु किसी नौका के बारे में उस दशा में यह समझा जायेगा कि उसने इस खण्ड का अनुपालन कर लिया है जब कि उसके पास ऐसा व्यक्ति हो जिसके पास खण्ड (क) और खण्ड (ख) में निर्दिष्ट दोनों प्रमाणपत्र हों, और

(iii) यदि उसके इंजन 40 एन०एच०पी० से कम के हों, तो—

(क) उसका मास्टर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन सेरांग का प्रमाणपत्र या ऐसा अन्य प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (ii) के उपखण्ड (क) में निर्दिष्ट किया गया है, और

(ख) उसका इंजीनियर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया द्वितीय श्रेणी इंजन चालक का प्रमाणपत्र या ऐसा अन्य प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (ii) उपखण्ड (ख) में निर्दिष्ट किया गया है,

परन्तु किसी नौका के बारे में उस दशा में यह समझा जायेगा कि उसने इस खण्ड का अनुपालन किया है जबकि उसके पास ऐसा व्यक्ति हो जिसके पास उपखण्ड (क) और उपखण्ड (ख) में निर्दिष्ट दोनों प्रमाण पत्र हों।

(2) इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त प्रत्येक मोटर नौका के फलक पर, जबकि वह भाड़े पर या अन्यथा चल रही हो, निम्नलिखित प्रमाणीकृत अधिकारी होंगे :—

(1) यदि उसके इंजन 565 बी०एच०पी० से कम के न हों तो—

(क) उसका इंजीनियर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया मोटर इंजीनियर का प्रमाणपत्र या वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) के अधीन या ऐसे विनियमों के अधीन जिन्हें केन्द्रीय सरकार समय-समय पर इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, दिया गया प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी समुद्रगामी मोटर पोत इंजीनियर का प्रमाणपत्र हो।

(ख) उसका मास्टर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया प्रथम श्रेणी मास्टर का प्रमाण-पत्र या वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) के अधीन या ऐसे विनियमों के अधीन जिन्हें केन्द्रीय सरकार, समय-समय पर, इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, दिया गया मास्टर या मेट का प्रवीण का प्रमाणपत्र हो;

(ii) यदि उसके इंजन 565 बी०एच०पी० से कम के हों, किन्तु 226 बी०एच०पी० से अन्यून के हों, तो—

(क) उसका इंजीनियर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया प्रथम श्रेणी मोटर इंजन चालक का प्रमाणपत्र या वाणिज्य पोत परिवहन अधिनियम, 1958 (1958 का 44) के अधीन या या ऐसे विनियमों के अधीन जिन्हें केन्द्रीय सरकार समय-समय पर इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, दिया गया समुद्रगामी मोटर पोत इंजन चालक का प्रमाणपत्र हो या ऐसा अन्य प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (i) के उप-खण्ड (क) में निर्दिष्ट किया गया है, और

(ख) उस दशा में जब इंजनों का उपयोग नोदन के लिये किया जाता है, उसका मास्टर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया द्वितीय श्रेणी मास्टर का प्रमाणपत्र या ऐसा प्रमाणपत्र जिसे खण्ड (1) के उप-खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किया गया है, और

(iii) यदि उसके इंजन 226 बी०एच०पी० से कम के हों, तो–

(क) उसका इंजीनियर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशी वाष्प जलयान अधिनियम, 1917 (1917 का 1) के अधीन दिया गया द्वितीय श्रेणी मोटर इंजन चालक का प्रमाणपत्र या ऐसे प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (ii) के उप-खण्ड (क) में निर्दिष्ट किया गया है, और

(ख) उस दशा में जब कि इंजन का उपयोग नोदन के लिये किया जाता है, उसका मास्टर ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास अन्तर्देशीय वाष्प जलयान अधिनियम, 1917(1917 का 1) के अधीन दिया गया सेरांग का प्रमाणपत्र या ऐसा अन्य प्रमाणपत्र हो जिसे खण्ड (ii) के उप-खण्ड (ख) में निर्दिष्ट किया गया है,

परन्तु ऐसी मोटर नौका में जिसके इंजन 40 बी०एच०पी० से अधिक के न हो, उसका इंजीनियर के रूप में ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास ऐसा अनुज्ञापत्र हो जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा या इस निमित्त केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यकतः प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया है,

परन्तु यह और कि ऐसे मोटर नौका में जिसके इंजन 20 बी० एच०पी० से अधिक का न हों और जिसकी लम्बाई तने के अग्र भाग से तने के पिछले भाग तक माप किये जाने पर 30 फीट से अधिक न हो, मास्टर और इंजीनियर के रूप में ऐसा व्यक्ति होगा जिसके पास उपखण्ड (क) और उपखण्ड (ख) में निर्दिष्ट दोनों प्रमाणपत्र हों :

परन्तु यह और भी कि ऐसी मोटर नौका में जिसके इंजन 20 बी० एच०पी० से अधिक न हों और जिसकी लम्बाई उपर्युक्त रूप में माप किये जाने पर 30 फीट से अधिक न हों और जिसके प्रयोग अनन्यतः स्वामी या उसके कुटुम्ब या मित्रों द्वारा वैयक्तिक आमोद-प्रमोद के लिये किया जाता है, प्रमाणीकृत मास्टर या इंजीनियर की आवश्यकता नहीं होगी किन्तु उसका नौ-परिवहन स्वामी या ऐसे अन्य व्यक्ति द्वारा किया जायेगा जिसके पास केन्द्रीय सरकार द्वारा या इस निमित्त केन्द्रीय सरकार द्वारा सम्यकतः प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा किया गया अनुज्ञापत्र हो, किया जायेगा ।

(3) ऐसे व्यक्ति का जिसने पहली जनवरी, 1973 को दो वर्ष की अवधि के लिये पत्तन पर चलने वाली वाष्प नौका या मोटर नौका के मास्टर, सेरांग, इंजीनियर या इंजन चालक के रूप में सेवा की हो, किन्तु जिसके पास, यथास्थिति, उप-नियम (1) या उप-नियम (2) (2) के अधीन अपेक्षित प्रवीणता प्रमाणपत्र नहीं है, मास्टर या सेरांग की दशा में है ।

सेरांग की दशा में उप संरक्षक द्वारा और इंजीनियर या इंजन चालक की दशा में अधीक्षक, यांत्रिकीय द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र दिया जा सकेगा कि वह इस प्रकार सेवा करने के कारण, यथास्थिति, पत्तन में चलने वाली वाष्प नौका या मोटर नौका के फलक पर परीक्षा के बिना, नीचे दी गई फीस का संदाय करने पर, मास्टर, सेरांग, इंजीनियर या इंजन चालक के रूप में कार्य करने के लिये सक्षम है :—

प्रथम श्रेणी मास्टर प्रमाणपत्र	16.00 रु०
द्वितीय श्रेणी मास्टर का प्रमाणपत्र	6.00 रु०
सेरांग का प्रमाणपत्र	4.00 रु०
द्वितीय श्रेणी इंजन चालक या द्वितीय श्रेणी मोटर इंजन चालक का प्रमाणपत्र	4.00 रु०
प्रथम श्रेणी इंजन चालक का या प्रथम श्रेणी मोटर इंजन चालक का प्रमाणपत्र	10.00 रु०
इंजीनियर या मोटर इंजीनियर का प्रमाणपत्र	12.00 रु०

(4) केन्द्रीय सरकार, विशेष परिस्थितियों में,

(क) वाष्प नौकाओं या मोटर नौकाओं के किसी वर्ग को, यथास्थिति, उप-नियम, (1) या उप-नियम (2) की अपेक्षा से छूट दे सकेगी

(ख) ऐसी नौकाओं में नियोजित अधिकारियों के लिये अपेक्षित अर्हताएं अधिकथित कर सकेगी ।

30. अग्निशामक उपस्कर और खशामक आदि –(1) इन नियमों के अधीन अनुज्ञप्त प्रत्येक मोटर नौकाओं में आग बुझाने के लिए एक बालू का बक्स और यथोक्ति क्षमता वाला अनुमोदित पेटेन्ट अग्नि शामक की व्यवस्था की जाएगा और स्वामी उसे तेल के कचरे से मुक्त रखेगा ।

(2) इन नियमों के नियम अनुज्ञप्त सभी मोटर नौकाओं के शोर करने वाले इंजनों में, जबकि वे पत्तन के भीतर चल रही हों, दक्ष खशामक फिट किए जाएंगे ।

31. अनुज्ञप्त बन्दरगाह यान का डूबना—ऐसे अनुज्ञप्त बंदरगाह यान जो पत्तन क्षेत्र के भीतर डूब गया हो, का स्वामी, ऐसे डूबने के तथ्य और उप स्थान की बाबत जहां यह घटित हुआ है, उप-संरक्षक को तुरन्त रिपोर्ट करेगा ।

प्ररूप 'क'

(नियम 4(2) देखिए)

सं०.....फुट लम्बी..फुट चौडी.....फुट गहरी.....रजिस्ट्रीकृत टन भार की नौका के स्वामी.....

को नव मंगलौर पत्तन (बन्दरगाह यान), नियम, 1975 में अधिकथित निबन्धनों और शास्तियों के अधीन रहते हुए, नव मंगलौर पत्तन को या उससे पोतों पर, नीचे विनिर्दिष्ट सीमा तक स्थोरा (पशुओं से भिन्न) और या यात्रियों, पशुओं को ढोने के लिए अनुज्ञप्ति ।

रजिस्ट्री की तारीख	बंदरगाह यान का नाम, संख्या और वर्णन	रिग और उपस्कर	कब बनाया गया और कहां	पिछली बार कब मरम्मत की गई और किस दशा में	यात्रियों के बिना ब्यौरा		स्थौरा के बिना यात्रियों की संख्या	कर्मीदल की संख्या
					पशुओं की संख्या और परिकल्पित भार	पशुओं से भिन्न स्थौरा का भार		
1	2	3	4	5	6	7	8	9
					अच्छे मौसम में प्रक्षुब्ध मौसम में	अच्छे मौसम में प्रक्षुब्ध मौसम में	अच्छे मौसम में प्रक्षुब्ध मौसम में	अच्छे मौसम में टिंडल समेत प्रक्षुब्ध मौसम में टिंडल समेत

नौका के स्वामी या स्वामियों के सम्बन्ध में विशिष्टियां		नौका के टिंडल के संबंध में विशिष्टियां		वह अवधि जिसके लिए अनुज्ञप्ति प्रवृत्त है	टिप्पणियां
नाम	उपजीविका निवास के स्थान	नाम	निवास का स्थान		
10	11	12	13	14	15

तारीख :

टिप्पणी :—12 वर्ष की आयु से कम के दो बच्चे—1 वयस्क

उपसंरक्षक

.....तक विस्तारित

यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त
यथोक्त

टिंडल के परिवर्तन की बाबत पृष्ठांकन.....

प्ररूप 'ख'

(नियम 10 देखिए)

19———वर्ष के लिए नव मंगलौर पत्तन में नियोजित टिंडलों के नाम, आयु, निवास स्थान और हस्ताक्षर/अंगूठे निशान दर्शित करने वाला रजिस्टर।

क्रम सं०	रजिस्ट्री की तारीख	बंदरगाह यान की की संख्या	नाम	आयु			निवास का स्थान
				वर्ष	मास	दिन	
1	2	3	4	5	6	7	8

हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान (निरक्षरों की दशा में)		टिप्पणियां
9	10	

[फा० सं० पी जी एल-9/74]

बी० द्वारकादास, अवर सचिव

New Delhi, the 19th July, 1976

G.S.R. 1169.—Whereas draft of the port of New Mangalore (Harbour Craft Rules, 1975, was published as required by sub-section (2) of section 6 of the Indian Ports Act, 1908 (15 of 1908) at pages 3025 to 3030 of the Gazette of India, Part II, Section 3, Sub-section (i), dated the 25th October, 1975, under the notification of the Government of India in the Ministry of Shipping and Transport (Transport Wing), No. G.S.R. 2583, dated the 26th September, 1975, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby till the expiry of a period of sixty days from the date of publication of that notification in the Official Gazette;

And whereas the said Gazette was made available to the public on the 10th November 1975;

And whereas no objections or suggestions have been received from the public;

Now, Therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 6 of the said Act, the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. Short title, commencement and application.—(1) These rules may be called the Port of New Mangalore (Harbour Craft) Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

(3) They shall apply to the Port of New Mangalore.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) "Deputy Conservator" means the Deputy Conservator, Port of New Mangalore;

(b) "Form" means a form appended to these rules ;

(c) "Harbour Craft" means any catamaran plying for hire or any flat or cargo, passenger or other boat plying whether for hire or not and whether power driven or not and whether plying regularly or only occasionally or partly within and partly without the port;

(d) "Inner harbour" means that part of the Port which lies east of the baseline having a bearing of 348° 55'-00" and passing through the North Boring Mark and includes the turning basin, eastern dock arm, oil jetty and any future berths, docks dredged and developed from time to time.

(e) "Licensed harbour craft" means any harbour craft licensed under these rules ;

(f) "Motor boat" means any power-driven harbour craft propelled wholly or in part by any form of electrical or mechanical power other than steam;

(g) "Outer harbour" means that part of the approach channel lying west of the baseline defined above and extending upto the fairway buoy located at lattitude 12° 55' 06.2" N and longitude 74° 46' 17.6° E;

(h) "Owner" used in relation to a harbour craft including any part owner, agent or mortgagee in possession thereof;

(i) "Port" means the Port of New Mangalore;

(j) "Roads" means that part of the Port which lies seawards of the fairway buoy located at latitude 12° 55' 06.2" North and longitude 74° 46' 17.6" East;

(k) "Servant" used in relation to owner includes the tindal or any boatman;

(l) "Steam-boat" means any harbour craft propelled wholly or in part by steam power;

(m) "Tindal" includes any person in charge of a harbour craft.

3. Harbour Craft to be Licensed.—No person shall, whether as owner, tindal or servant use any harbour craft to carry goods, or passengers, to or from, any vessel at the port or from place to place within the port unless the harbour craft has been duly licensed under these rules and a harbour craft licensed to ply between ship and shore may also ply from place to place within the port without a separate licence :

Provided that nothing in this rule shall apply to—

(a) any boat forming part of the equipment of a ship or a steamer;

(b) any harbour craft maintained solely for purposes of pleasure.

(c) any boat belonging to the port :

Provided further that the Deputy Conservator may, if he thinks fit, require any boat or harbour craft referred to in clause (a) or clause (b) to be licensed under these rules.

4. Licensing of Harbour Craft.—(1) Every application for the licensing of a harbour craft under rule 3 shall be made to the Deputy Conservator in writing and shall contain the following particulars, namely :—

(a) the owner's name and address in full and if the owner is a minor, it shall contain the name and address of his guardian;

(b) the name and address of the agent, if any, duly authorised by the owner to act on his behalf;

(c) the name of the tindal whom the owner proposes to place in charge of the barbour craft;

(d) the nature of the licence required, that is to say whether it is required, for a passenger boat or for a cargo boat, or for any other purpose; and

(e) the details of the barbour craft in respect of its measurements, gross tonnage and other relevant particulars.

(2) On receiving an application for licence under sub-rule (1), the Deputy Conservator shall survey and measure the harbour craft, or cause it to be surveyed and measured in the presence of the owner or any person duly appointed for the purpose by such owner, and grant a licence in Form A on payment of the fees specified in rule—28 and on being satisfied that the barbour craft is seaworthy and fit for service at the port, or upon the production of a certificate in writing from the officer who surveyed the harbour craft certifying—

